प्रीलिम्स फैक्ट्स: 27 जुलाई, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-27-07-2018

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना

- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) का उद्देश्य चयनित अनुसूचित जाति बहुलता वाले गाँवों का समग्र विकास करना है।
- इस योजना का उद्देश्य उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने के साथ यह सुनिश्चित करना है कि आम सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के संदर्भ में अनुसूचित जाति और गैर-अनुसूचित जाति की जनसंख्या के बीच असमानता को समाप्त किया जाए और इन संकेतकों को कम-से-कम राष्ट्रीय औसत के स्तर तक लाया जाए।
- प्रत्येक गाँव के लिये तैयार की गई ग्राम विकास योजना (VDP) में सूचीबद्ध लक्ष्यों की उपलब्धि के संदर्भ में इस योजना के प्रदर्शन की निगरानी की जा रही है।
- इस योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संसाधन सहायता प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (NIRDPR) को चिह्नित किया गया है।

आदर्श गाँव के रूप में घोषित होने के लिये मानदंड

इस योजना के अनुसार, एक गाँव को आदर्श गाँव के रूप में घोषित किये जाने हेतु नीचे सूचीबद्ध लक्ष्यों में से कम-से-कम तीन लक्ष्यों को पीएमएजीवाई के कार्यान्वयन के तीसरे वर्ष के अंत तक हासिल किया जाना चाहिये।

- जहाँ तक संभव हो गरीबी उन्मूलन किया जाना, लेकिन तीन वर्षों के भीतर गरीबी में कम-से-कम 50% की कमी।
- सार्वभौमिक वयस्क साक्षरता।
- प्राथमिक चरण (I-VIII) में बच्चों का 100% नामांकन सुनिश्चित करना और उसे बनाए रखना।
- गाँव द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय के पेयजल आपूर्ति विभाग के निर्मल ग्राम पुरस्कार मानदंडों को पूरा किया जाना। यानी, इन गाँवों को 100% खुले में शौच से मुक्त होना चाहिये।
- सतत् रूप से सभी ग्रामीणों की सुरक्षित पेयजल सुविधा तक पहुँच हो।
- गर्भवती महिलाओं के लिये 100% संस्थागत प्रसव सुविधा उपलब्ध हो।
- बच्चों का पूर्ण टीकाकरण।
- गाँव के लिये सभी मौसम में सड़क कनेक्टिविटी की उपलब्धता।
- गाँव में मृत्यु और जन्म का 100% पंजीकरण।
- गाँव में कोई बाल विवाह और बाल श्रम न हो।
- गाँव में शराब और अन्य नशीले पदार्थों का कोई सार्वजनिक उपभोग न हो।
- सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमजीए) के तहत 100% आवास आवंटन हो।

रमन मैगसेसे पुरस्कार, 2018

हाल ही में 2018 के रमन मैगसेसे पुरस्कारों के लिये दो भारतीयों को चुना गया है।

- सोनम वांगचुक (लद्दाख के एक शिक्षा सुधारक) और भरत वाटवानी (एक मनोचिकित्सक जो मुंबई में सड़क पर रहने वाले मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिये काम करते हैं) पुरस्कार के छह विजेताओं में शामिल हैं|
- अन्य विजेताओं में कंबोडिया के यूक छांग, पूर्वी तिमोर के मारिया डी लॉर्डेस मार्टिन्स क्रूज़, फिलीपींस के हॉवर्ड डी और वियतनाम के वो थिय होआंग येन शामिल हैं।

नोट

- एशिया का प्रमुख तथा सर्वोच्च सम्मान 'रमन मैगसेसे पुरस्कार' एशिया में परिवर्तनशील नेतृत्व की महानता को दर्शाता है।
- रमन मैगसेसे पुरस्कार फाउंडेशन के ट्रस्टी इस वार्षिक पुरस्कार के विजेताओं का चयन करते हैं।
- फिलीपिंस सरकार ने वहाँ के भूतपूर्व राष्ट्रपति रमन मैगसेसे की स्मृति में यह पुरस्कार आरंभ किया ताकि उनकी आम जनता के प्रति सेवा भावना, लोकतांत्रिक समाज में व्यावहारिक आदर्शवादिता एवं उच्च चारित्रिक मूल्यों की याद को ताज़ा रखा जा सके|